<u>कार्यालय जनपद न्यायाधीश, ललितपुर।</u>

<u>आदेश</u>

प्रशासनिक आदेश संख्या– 197/2025 दिनांक– 29.09.2025

अध्यक्ष, जिला बार एसोसियेशन द्वारा दिनांक 01.10.2025 (बुधवार) को दुर्गानवमी के उपलक्ष्य में अवकाश घोषित किये जाने हेतु प्रस्ताव दिनांकित–29.09.2025 प्रस्तुत किया गया है।

अधीनस्थ न्यायालयों के उपयोग हेतु वर्ष 2025 के कलैण्डर, जिसमें टिप्पणी क्रमांक 07 के अनुसार यदि कोई राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार अथवा रविवार को पड़ता है तो जनपद न्यायाधीश उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित कर सकते है तथा टिप्पणी क्रमांक–08 के अनुसार जनपद न्यायालयों में कार्य दिवस एक वर्ष में 265 दिन से कम नही रहेगा। प्रभारी मुख्य प्रशसानिक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या दिनांकित–29.09.2025 के अनुसार जनपद न्यायालय ललितपुर में वर्तमान में 267 दिनों का कार्यदिवस है।

अतः माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत निर्देशों के अन्तर्गत एवं अध्यक्ष, जिला बार एसोसियेशन, ललितपुर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आलोक में रामनवमी दिनांक 06.04.2025 (रविवार) के एवज में दिनांक 01.10.2025(बुधवार) को मुख्यालय ललितपुर, तहसील महरौनी एवं तहसील तालबेहट में अधोहस्ताक्षरी के अधीन समस्त न्यायालयों एवं कार्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है।

दिनांक 01.10.2025 को नियत पत्रावलियां अगले कार्यदिवस दिनांक 03.10.2025 को नियत की जाती है।

सर्व सम्बन्धित सूचित हो।

sd/–
(नरेन्द्र कुमार झा)
जनपद न्यायाधीश,
ललितपुर।